पत्र संख्या-स्था-5(ख)-पदोन्नति-प्रशा0अधि0-2021-22// 601 //वाणिज्य कर

कार्यालय-कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)

लखनऊ :: दिनांक :: 05 मई, 2022

-:: आदेश ::-

उत्तर प्रदेश सरकारी विभाग लिपिकीय संवर्ग सेवा नियमावली-2014 में दिये गये प्राविधानानुसार विभागीय पदोन्नति समिति की संस्तुति के आधार पर वाणिज्य कर विभाग में कार्यरत निम्नलिखित प्रधान सहायक (वेतन बैण्ड-2-9300-34800 सादृश्य ग्रेड वेतन 4200 /लेवल-6) को प्रशासनिक अधिकारी (वेतन बैण्ड-2-9300-34800 सादृश्य ग्रेड वेतन 4600 /लेवल-7) के पद पर पदोन्नति प्रदान करते हुए अग्रिम आदेशों तक उन्हें उनके वर्तमान तैनाती स्थान पर बनाये रखा जाता है :-

क्रम संख्या	ज्येष्ठता क्रमांक	कर्मचारी का नाम/पिता/पति का नाम श्री	वर्तमान तैनाती/ जोन का नाम
01	02	03	04
01	1626	प्रमोद कुमार राय/ रामा शंकर राय	वाराणसी
02	1627	राम बाबू यादव/ राजाराम यादव	प्रयागराज

2- उपरोक्त पदोन्नत कार्मिकों की तैनाती विभिन्न जोन/ कार्यालयों में स्वीकृत पदों के सापेक्ष अलग से सुनिश्चित करायी जायेगी।

3- सम्बन्धित नियन्त्रक अधिकारियों को निर्देश दिये जाते है कि वह उपरोक्त पदोन्नत कर्मचारियों को पदोन्नति आदेश तामील कराते हुए उनके वर्तमान तैनाती स्थान पर ही प्रशासनिक अधिकारी के पद पर दिनांक 13-05-2022 तक कार्यभार ग्रहण कराये तथा यदि कोई कार्मिक किन्हीं कारणों से पदोन्नति के पद पर कार्यभार ग्रहण करने का इच्छुक न हो, तो उनसे उक्त आशय का पदोन्नति फोरगो प्रार्थना पत्र प्राप्त करके तत्काल अधोहस्ताक्षरी का उपलब्ध करायें।

4- सम्बन्धित नियन्त्रक अधिकारी/सम्भागीय अधिकारी कृपया यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि उपर्युक्त पदोन्नत कार्मिकों में से किसी कार्मिक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के अन्तर्गत आरोप पत्र/नोटिस निर्गत हो, सतर्कता जॉच/ ई0ओ0 डब्ल्यू0 जॉच चल रही हो तो ऐसे कार्मिक पर यह पदोन्नति आदेश प्रभावी न मानते हुए उन्हें कार्यभार ग्रहण न कराए और अधोहस्ताक्षरी को तत्काल सूचित करें।

5- सम्बन्धित नियन्त्रक अधिकारी/ सम्भागीय अधिकारी कृपया यह भी सुनिश्चित कर लें कि यदि उपर्युक्त पदोन्नत कार्मिक की लिपिक वर्गीय कार्मिकों की ज्येष्ठता सूची दिनांक 09-11-2015 में निर्धारित ज्येष्ठता उसकी तदर्थ नियुक्ति की तिथि से अवस्थित है, तो यह पदोन्नति आदेश प्रभावी न मानते हुए उन्हें कार्यभार ग्रहण न करायें और मुख्यालय के पत्र संख्या-4466 दिनांक 22-12-2018 के क्रम में वांछित सूचना सम्बन्धित कार्मिक के मौलिक नियुक्ति आदेश एवं तदर्थ नियुक्ति आदेश की प्रमाणित छायाप्रतियों सहित अधोहस्ताक्षरी को तत्काल उपलब्ध करायें।

6- वर्तमान में यदि कोई कर्मचारी स्तम्भ-4 में अंकित स्थान से स्थानान्तरित हो गया हो तो उसकी वर्तमान तैनाती का स्थान तदनुसार संशोधित मानकर सम्बन्धित नियन्त्रक अधिकारी अपने स्तर से सम्बन्धित कर्मचारी को इस पदोन्नति आदेश की एक प्रति तामील कराते हुये कार्यभार ग्रहण करायेंगे और इसकी सूचना मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

ह0/

(सुधा वर्मा)

एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक // उक्त।

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

2- जोनल एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर, वाराणसी/ प्रयागराज।

3- ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक) वाणिज्य कर, सम्भाग ए/बी वाराणसी/ प्रयागराज।

4- ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड हेतु।

5- सम्बन्धित नियन्त्रक अधिकारी वाणिज्य कर, वाराणसी/ प्रयागराज।

5- डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन)/आहरण वितरण अधिकारी, वाणिज्य कर, वाराणसी/ प्रयागराज।

6- पटल प्रभारी स्था-4(क), 4(ग), स्था-6 सामान्य, चरित्र पंजिका सेल (स्था0अराज0) वाणिज्य कर, मुख्यालय।

7- सम्बन्धित कर्मचारियों को (नाम से)।

(पी0एन0यादव)
ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्था0अराज0) वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।